दैनिक

प्रातः कालीन

क्यूँ न लिखूँ सच

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO-
UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 331 मुरादाबाद, 02 April 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

मुख्यमंत्री योगी ने स्कूल चलो अभियान का किया शुभारंभ, निपुण आकलन में उत्तीर्ण बच्चे हुए सम्मानित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग अभियान का शुभारंभ किया। इसके तहत स्कूल छोड़ चुके बच्चों को स्कूलों से जोड़ने का अभियान प्रारंभ किया जाएगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में संचारी रोग नियंत्रण अभियान और स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को पुस्तकें भी भेंट की। कार्यक्रम में निपुण आकलन में उत्तीर्ण होने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शिक्षक मैनुअल और कलेंडर

का भी विमोचन किया। प्रदेश सरकार ने बीते चार वर्ष में स्कूल छोड़ चुके बच्चों को वापस स्कूल लाने का प्रयास किया है। इसके लिए स्कूल चलो अभियान चलाया जा रहा है।उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान और स्कूल चलो अभियान एक साथ शुरू होने का फायदा पूरे प्रदेश को मिलेगा इससे प्रदेश में भी परिवर्तन होगा। पिछली सरकारों ने बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बना दिया था। आज 90 फीसदी से ज्यादा स्कूल कायाकल्प अभियान में बदल गए हैं। मांटेसरी स्कूल बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सम्मानित लोगों को आगे किए जाने से स्कूलों का सीन बदल गया है।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान में पांच करोड़ परिवार से संपर्क करेंगे। इसके तहत सफाई और रोग नियंत्रण आदि के बारे में बताएंगे। उन्होंने कहा कि आशावर्कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी का अभियान पूरे देश में सराहा गया है। अब पूरे देश में इसे चलाया जाएगा। इस अभियान में 10 विभाग लगाए गए हैं। सभी का समन्वय है। जापानी इंसेफलाइटिस का समापन हुआ है और अन्य बीमारियां भी कम हो रही हैं।

मध्यप्रदेश को पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात, PM मोदी ने दिखाई हरी झंडी

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली वंदे भारत एक्स्प्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। वंदे भारत ट्रेन का लोकार्पण हाईटेक कमलापति रेलवे स्टेशन पर पीएम मोदी ने किया। पीएम मोदी ने कहा, एमपी को पहली वंदे भारत ट्रेन मिली है, जो प्रदेश के लोगों को कई सुविधाएं देगी और क्षेत्र के विकास का माध्यम बनेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारतीय रेलवे देश के छोटे शिल्पकारों और कारीगरों के काम को देश के हर कोने तक पहुंचाने का माध्यम बन रही है। अब वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत कई जगहों पर 600 आउटलेट बनाए जा चुके हैं, जहां से करीब एक लाख लोग खरीदी कर चुके हैं। आज देश में अनेकों रेलवे स्टेशनों का आधुनिकरण किया जा रहा है। आज देश के छह हजार स्टेशनों पर वाई-फाई लगाए जा चुके हैं। वहीं, 900 से ज्यादा स्टेशनों पर सीसीटीवी लग चुका है। वंदे भारत एक्सप्रेस तो पूरे देश में हमारी युवी पीढ़ी में सुपरहिट हो चुकी है। साल भर इन ट्रेनों की सीटें फुल जा रही हैं। देश के हर कोने से इस ट्रेन को चलाने की मांग की जा रही है। पीएम मोदी ने कहा कि पहले सांसद कहते थे फलानी ट्रेन इस स्टेशन पर रोकने की व्यवस्था हो, लेकिन आज मुझे गर्व है। जब सांसद मांग करते हैं कि हमारे यहां भी वंदे भारत जल्द से जल्द चालू हो। रेलवे यात्रियों की सुविधा बढ़ाए जाने का अभियान तेजी से चल रहा है।

पीएम ने बताया कि देश के बजट में रिकॉर्ड धन राशि रेलवे के लिए आवंटित की गई है। पहले संसद में रेलवे के विकास की बात होते ही घाटे की बात होने लगती थी, लेकिन अगर विकास की इच्छाशक्ति हो और नीयत साफ हो तो नए रास्ते निकल आते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि हर साल रेलवे के बजट को हमेशा बढ़ाया गया है। अब एमपी में 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक का रेलवे बजट है, जबकि साल 2014 से पहले केवल 600 करोड़ रुपये रेलवे बजट था। पीएम ने कहा कि आज रेलवे में कैसे आधुनिकरण हो रहा है। इसका एक उदाहरण इलेक्ट्रिफिकेशन का काम भी है। देश के किसी न किसी हिस्से में रेल नेटवर्क का शत प्रतिशत बिजलीकरण हो चुका है। इन 11 राज्यों में मध्यप्रदेश भी शामिल है साल 2014 ले पहले 600 किमी का इलेक्ट्रिफिकेशन होता था, अब 6000 किलोमीटर का इलेक्ट्रिफिकेशन हो रहा है। अब मध्यप्रदेश पुरानी चीजों को पीछे छोड़कर विकास की नई गाथा लिख रहा है।

10 माह बाद जेल से निकले नवजोत सिद्धू, कहा- राहुल गांधी क्रांति है, वो सरकार को हिला देंगे

पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू शनिवार को दस माह बाद पटियाला की सेंट्रल जेल से रिहा हो गए। 59 वर्षीय कांग्रेस नेता सिद्धू ने 1988 के रोड रेज के मामले में एक साल की सजा काटी। पिछले साल 20 मई को सुप्रीम कोर्ट के एक साल सश्रम कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद सिद्धू ने पटियाला की एक अदालत के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। उनके समर्थक सुबह से ही पटियाला जेल के बाहर जुटने लगे थे। ढोल वालों को भी बुलाया गया था। इसके बाद सिद्धू की रिहाई का इंतजार शुरू हुआ। पहले दोपहर 12 बजे उन्हें रिहा करने की बात कही जा रही थी,

लेकिन पेपर वर्क पूरा होते होते शाम हो गई। शाम छह बजने से कुछ मिनट पहले सिद्धू जेल से बाहर निकले। समर्थकों की नारेबाी पर सिद्धू ने झुककर उनका अभिवादन किया। जेल से बाहर आए सिद्धू ने अपने चिरपरिचित अंदाज में कहा कि सत्य को दबाने का प्रयास सफल नहीं हो सकता। आज लोकतंत्र बेड़ियों में है।

बाहर आकर राहुल को बताया क्रांति

बाहर आने के बाद सिद्धू ने अपने चिरपरिचित अंदाज में कहा कि सत्य को दबाने का प्रयास सफल नहीं हो सकता। आज लोकतंत्र बेड़ियों में है। सिद्धू ने कहा कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन लाने की साजिश की जा रही है। अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। पंजाब को कमजोर करने की कोशिश की तो कमजोर हो जाओगे। अभी लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे दोपहर के आसपास रिहा किया जाना था लेकिन उन्होंने इसमें देरी की। वे चाहते थे कि मीडिया के लोग चले जाएं। इस देश में जब भी कोई तानाशाही आई है तो एक क्रांति भी आई है और इस बार उस क्रांति का नाम है राहुल गांधी. वह सरकार को हिला देंगे।

पंजाब कांग्रेस प्रधान ने ट्वीटर पर किया स्वागत

पंजाब कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने सिद्धू की रिहाई से पहले एक ट्वीट कर उनका स्वागत किया। वड़िंग ने ट्वीट किया- नवजोत सिंह सिद्धू का स्वागत है। जैसे ही आप सभी पंजाबियों की सेवा में सार्वजनिक जीवन शुरू करेंगे, आपसे जल्द ही मिलने की उम्मीद है।

मछुआरों के लिए बजट न मिलने से नाराज हुए मंत्री डॉ. संजय निषाद, बोले - सीएम से शिकायत करूंगा

मछुआ कल्याण कोष के लिए बजट जारी न होने पर नाराज हुए मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि यह मछुआरों का अपमान है। वह मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करेंगे। मछुआ कल्याण कोष के लिए फूटी कौड़ी न मिलने पर भाजपा के सहयोगी दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद बेहद नाराज हैं। उन्होंने कहा कि यह मछुआरा समुदाय का अपमान है। अगर संकल्प पत्र में घोषित कार्य के लिए भी पैसा नहीं मिलेगा तो कैसे काम चलेगा। वह इसकी शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करेंगे। गौरतलब है कि भाजपा ने अपने चुनावी संकल्प पत्र में मछुआ कल्याण कोष गठित करने की घोषणा की थी। डॉ. निषाद ने बताया कि इसके बजट में 25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया लेकिन अभी तक एक पैसा भी नहीं मिला। इस मद से मछुआरा समुदाय के लोगों को बरात घर, सामुदायिक भवन, शिक्षा, उपचार आदि में मदद के लिए पैसे दिए जाने थे। जब पैसा मांगा गया तो वित्त विभाग ने यह कहकर आपत्ति लगा दी कि अभी लाभार्थियों का चयन नहीं हुआ है। मंत्री के मुताबिक 300 लाभार्थियों की सूची भेजी गई। इसके बावजूद वित्त विभाग ने धन जारी नहीं किया गया। उन्होंने इस संबंध में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और अपर मुख्य सचिव वित्त प्रशांत त्रिवेदी से बात की तो उन्होंने बजट देने से इन्कार कर दिया। डॉ. निषाद का कहना है कि जब पैसा ही नहीं देना था तो क्यों इस कोष का गठन किया गया।

अखिलेश यादव बोले- जिस सरकार को व्यापारियों की मदद करनी चाहिए, वही उनका उत्पीड़न कर रही है

कानपुर = पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को यहां बांसमंडी स्थित कपड़ा मार्केट का अग्निकांड पर दुःख जताते हुए कहा कि सरकार को उनकी मदद करनी चाहिए। व्यापारियों की समस्याओं को लेकर उन्होंने कहा कि जिन विभाग व सरकार को व्यापारियों की मदद करनी चाहिए। वही उनका उत्पीड़न कर रहे हैं। पहले नोटबंदी से परेशान थे उसके बाद व्यापारी जीएसटी से परेशान हो रहे हैं।अधिकारी जाति-धर्म के आधार पर चिह्नित कर उनके यहां छापेमारी कर रही है। उत्तर

प्रदेश में रिकार्ड निकलवाएं जाएं तो देखेंगे कि सबसे ज्यादा जाति-धर्म को देखकर छापा मारा गया है। व्यापारियों के यहां छापेमारी कर उनसे शुल्क लिया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जाति जनगणना हो और जनगणना करके सभी को आबादी के हिसाब से उनको आरक्षण मिले। अधिकारी जाति-धर्म के आधार पर चिह्नित कर उनके यहां छापेमारी कर रही है। उत्तर प्रदेश में रिकार्ड निकलवाएं जाएं तो देखेंगे कि सबसे ज्यादा जाति-धर्म को देखकर छापा मारा गया है। व्यापारियों के यहां छापेमारी कर उनसे शुल्क लिया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जाति जनगणना हो और जनगणना करके सभी को आबादी के हिसाब से उनको आरक्षण मिले।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

संपादकीय Editorial

Don't teach german democracy

The BJP and the Congress are once again at loggerheads on the issue of Rahul Gandhi and Indian democracy. In the press briefing of the Foreign Ministry of Germany, it is expected that while taking action against Rahul Gandhi, the standards of judicial independence and basic democratic principles should be taken care of. Senior Congress leader Digvijaya Singh thanked Germany for paying attention to the compromises being made with democracy in India. Congress General Secretary Jairam Ramesh's statement tells something else. Actually this chapter should be closed now. Congress leader Rahul Gandhi's MP has been rejected technically and constitutionally. It is worth mentioning in this context that when the Supreme Court had given a decision to cancel the membership of Parliament and Legislative Assembly on the declared judicial punishment of two years, the then Prime Minister Dr. Manmohan Singh's cabinet had passed an ordinance. That was the retort of the judiciary. Through the ordinance, provisions were made to save tainted and convicted leaders. Rahul Gandhi suddenly went to the Press Club of India and tore the copy of that ordinance and said – 'Nonsense!' As a result, the cabinet had to decide to withdraw that ordinance. Had the ordinance been implemented legally today, Rahul's parliament would have been saved. However, now the decision of the Supreme Court is in force. Under that, the membership of 15-20 leaders has been cancelled. Some examples are Jagdish Sharma in fodder scam, JD-U MP Mitrasen Yadav, former Union Minister and Congress MP Rashid Masood, former Union Minister Lalu Yadav, former Tamil Nadu Chief Minister Jayalalithaa and former Congress MP Rashid Alvi etc. No country has taught us the lesson of democracy and judicial independence on someone's dismissed parliamentarian. Germany was also ruled by dictator Hitler, so it has dictatorship in its traditions. What advice can he give to India, the world's largest and oldest democracy? Rahul Gandhi had definitely expressed this desire in London that the countries of America and Europe consider themselves as protectors of democracy. Let them pay attention to what is happening in a democracy of a big country? Their desire for foreign interference has been partly fulfilled. Rahul has legal options even today. They have to choose between Indian law and foreign interference. He can still challenge in the court. He should also go to the court, as the Patna High Court has also sent a notice to appear on April 12. BJP MP and former Deputy Chief Minister of Bihar Sushil Modi had also filed a defamation case in the context of 'Modi surname waale hi chor..'. Rahul can request the hearing of all such cases at one place by pleading in the court. The way Lakshadweep MP Muhammad Faisal's parliamentarianship has been restored through the court, similarly it is possible in the case of Rahul as well. How effective can Germany's statement prove? America and European countries have been giving advice to the Government of India regarding human rights, minority protection and freedom of expression. Who can teach a lesson to Indian democracy? India has good relations with all the big countries. This is not the India of the 1960s, '70s, '80s and '90s. India today is the 5th largest economy in the world. Rahul Gandhi's case is India's own internal matter. Another humble advice to Rahul Gandhi is to curb the sycophantic Congressmen. l campaign. He has to work hard to win the trust of the public. He has to surround the government on issues of public interest. At the same time other opposition parties have to make him believe that he is the only party who can lead the opposition and without him it is difficult to shake the Modi government.

Defamation case: Will Rahul Gandhi be able to convert 'sympathy' into political victory?

The biggest problem of Rahul Gandhi is that while speaking, he does not think much about political profit-loss and its overall results. They don't realize when and how what will be the effect of speaking? The problem of language is with them. They think in English and speak in Hindi, which often leads to loss of meaning. The manner in which the Surat court's decision against Congress leader Rahul Gandhi in the defamation case came, the manner in which Rahul's membership in the Lok Sabha was terminated as soon as the verdict came, and the way the BJP has intensified its attacks on Rahul Gandhi, So it is clear that the Modi government and the BJP are now considering Rahul Gandhi as a potential threat. Otherwise, till some time ago, BJP was limited to making fun of Rahul by considering him as 'Pappu'. On the other hand, Rahul and the Congress are trying to give the whole incident the color of 'political vendetta' and give the form of 'martyrdom' to his loss of parliament membership. They are also in no hurry to approach the higher court against the lower court's decision. Congressmen believe that all these incidents will increase public sympathy towards Rahul and its benefits will be given to the Congress and indirectly to the opposition. This simply means that the next Lok Sabha election could again turn into Modi versus Rahul, although such an atmosphere was created in 2014 as well, in which Rahul failed miserably. To recreate the same atmosphere, its first test is how serious Rahul is about his work, statements and organizational ability. The public does not weigh the leader only on the basis of membership. She also observes and tests the leader on the factors of courage to take risks, commitment, determination and decision-making ability. On these scales, Rahul still does not appear very serious. While he does not have much time left (in view of the next Lok Sabha elections). Rahul benefits from 'Bharat Jodo Yatra'- There is no doubt that 'Bharat Jodo Yatra' has improved Rahul's image. This is the reason why the Modi government and the BJP, which have allowed Rahul's yatra to pass without conflict, are working on their next strategy after analyzing the far-reaching consequences of this yatra. During the four-month-long yatra, Rahul Gandhi generally avoided making controversial statements. Even if the matter went awry once or twice, the senior colleagues somehow handled it. After that, the comments made by Rahul Gandhi on Indian democracy and the Modi government during his visit to Britain, the attacks on Modi in the parliament regarding Adani, have raised eyebrows of the government, the BJP and the Sangh. After these statements, questions were raised on Rahul's intentions. Rahul's response to India's internal issues abroad was seen as his political immaturity. Many believe that Rahul, who used to fight inside the house, should have kept his word in such cases. Making Rahul's statements an issue, the BJP did not allow the Parliament to run for his apology in the Parliament. This happened probably for the first time that the ruling party itself was not allowing the Parliament to function. The BJP was not allowing Rahul to speak in the Parliament. On the other hand, Rahul also refused to apologize for his statements. However, he was ready to give an explanation. But even in this explanation, he could have said some such things, which could have made the Modi government uncomfortable. Rahul 19 years ahead of Modi in thinking of long-term consequences- The biggest problem of Rahul Gandhi is that while speaking, he does not think much about political profit-loss and its overall results. They don't realize when and how what will be the effect of speaking? The problem of language is with them. They think in English and speak in Hindi, which often leads to loss of meaning. Lack of mastery over Hindi is such a fundamental weakness of Rahul Gandhi, due to which he will have to suffer further. In contrast to him, Prime Minister Narendra Modi, despite being Gujarati speaking, has imbibed Hindi idioms so deeply that 70 percent of the people of the country can easily understand his words. If Rahul really wants to become a capable face of the opposition, then he will also have to understand that politics can and should be done only through political means. Because the ultimate truth of politics is the attainment of power and not the search for truth or the attainment of salvation. Politics usually runs more on half-truths. In which there is always a scope of favorable interpretation of thoughts, events and perceptions. This is a clever, cunning game which can be played even by wearing the cover of gentleness. What you say in politics, the sarcasm or explanation, is not a parrot rote, it has its own vision and thinking, the leader has to realize this again and again. Many believe that after the 'Bharat Jodo Yatra', Rahul Gandhi's image in the eyes of liberals has also improved, but this change is not enough to establish him as the top leader of the country. Rahul is still making those mistakes which he has done before. Everyone makes mistakes, but a sensible person and politician avoids repeating mistakes as much as possible. Even if he makes a new mistake. It is also ironic that Rahul Singh openly tore the ordinance brought by the Manmohan Singh government during UPA 2 and if it became a law, he himself could have escaped the punishment of defamation today. But then Rahul tore that ordinance by calling it a savior to the corrupt. Congress did not benefit from his act, on the contrary, the Manmohan government itself was corrupted.She got embroiled in serious allegations of corruption and created a wrong image of Rahul's non-seriousness towards the works of his own government. This only sent the message that Rahul is a stubborn leader and says and does whatever he thinks is right. Even now, there doesn't seem to have been any significant difference in this mindset. In the last eight years, he had to either apologize or give clarifications for his statements thrice. Effect of statements on Savarkar- Rahul's statement on Hindutvaist VD Savarkar rattled the opposition unity. The Shiv Sena included in the Maha Vikas Aghadi clearly said that Savarkar is their idol, while the Nationalist Congress said that they would not listen to anything against Savarkar. Later it was decided that Rahul would remain silent on Savarkar, but for how long it would remain so, it is not clear. If Savarkar's acquittal by apologizing to the British Government is the only basis for his criticism, then it is said that he did so five times. But Rahul has already apologized in three different cases. Lest it happen that he goes ahead of Savarkar in this matter. Even after all this, when he said that 'I am not Savarkar, who will not apologise', the question arose on what basis Rahul is comparing himself with Savarkar. What has he done in 52 years that the country should consider him as its leader. Savarkar lived in Andaman's Cellular Jail for 14 years, but Rahul has no such experience of struggle. As far as the Congress is concerned, it has always taken care of the public sentiment of Maharashtra in the matter of Savarkar. Rahul's grandmother Indira Gandhi also issued a postal stamp on Savarkar in 1970. The reason for this is that even though Savarkar is the propounder of the ideology of Hindutva, even though he has been freed from the punishment of black water by giving an apology, the majority of the people of Maharashtra consider his patriotism and nationalism to be unquestionable. In that sense, he is a big icon. If Rahul makes comments without understanding this, then the palace of opposition unity will never stand properly. Secondly, Rahul still doesn't seem to be doing anything concrete on that front, which is necessary to make organizational reforms in the Congress, to make it militant and to create a lust for power. There is a world of difference between playing in the field and coaching sitting outside. Despite this, one thing seems to be going in favor of Rahul and that is that he is showing courage to attack the Modi government, BJP and Sangh. Presenting himself as a victim, so that he can get sympathy of the people. However, it would be wrong to assume that the BJP would be unaware of this danger. But the politician should also have the art of turning 'victimization' into his own and his party's political favor. That is, sympathy should be converted into votes as well, its quality is needed. For example, Rahul's grandmother (and probably the most successful and courageous Prime Minister of all time) Indira Gandhi foiled the Janata government's move to eliminate her politically after the Emergency with this victim card, and again in 1980 With power she got hold of power. Prime Minister Narendra Modi is expert in the art of turning every personal attack on him into his strength. Because no matter how valuable, honest Rahul tries to describe himself, if the Congress is not able to get any political benefit from his power, then it has no special meaning. At the most it can be his personal achievement. From the political point of view, there doesn't seem to be any qualitative change in Rahul. Without this it is very difficult to defeat Modi and BJP in the next elections.

merits and demerits of construction

If the parts of quality get scattered in the stake of Navnirman, then why shouldn't it be considered as the crime of the century. The collapse of an under-construction bridge in Hamirpur showed the gaps in our achievements. This is not the fall of a slab, but questions are being raised on the design of construction, departmental functioning and implementation of development works. We can brush it off as a slight impertinence, carelessness or inexperience, but it is a part of the pattern under which government projects across Himachal Pradesh are getting mired in mud. Obviously there is no dearth of budget or funds and no dearth of projects, but the pattern has become such that neither innovation nor sensitivity towards quality is coming to the fore in engineering. All one needs is an inauguration plaque and by which to prove that the work is done. Although all the departments have opened their technical wings in construction works in Himachal, but the main role of the PW department is not coming to the fore. The meaning of development for the mountainous environment, the means of development, the solution of development and its uniqueness is not only a process, but research in its special concept and cognizance of all the warnings are needed. First of all, in the process of site selection, determination to determine the role of land trend, geographical condition and design should come to the fore. Of course, the materials for making bridges, culverts and future bridges will remain the same, but the difference is only in commitment and hard work. If seen in entire Himachal, buildings or other constructions are going on in full swing, but the future construction remains to be seen. Development Department in Solan, nor has anyone taken cognizance of the growing challenges. It has become an apartment city of the state in no time, but no definition has been given for it. Similarly, mountains are being eroded across the state, natural drainage channels are blocked, and clusters of buildings sit on the sides of roads from the valley side without norms. Due to political interference, permission for construction has become routine even in the green areas which have been seen by TCP, then there is a graveyard somewhere in every city. Even if the government construction is not divided into merit and demerit, in terms of progress, Himachal is showing such negligence towards the infrastructure of its future that questions are raised on the quality of the construction.

जिलाधिकारी ने पोषण पखबाडे के अर्न्तगत गर्भवती महिलाओं को मोटे अनाज की किट का किया वितरण

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील ठाकुरद्वारा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवसों में आने वाली जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को निर्देश दिये कि आईजीआरएस शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने के कारण डिफाल्टर होने से जनपद की ग्रीडिंग खराब हो रही है, हमें न केवल शिकायतों का निस्तारण करना है बल्कि शिकायत कर्ता को सही बात बताकर संतुष्टि भी देनी है। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण समय के साथ निस्तारण करें। मुख्यमंत्री कार्यालय से आईजीआरएस शिकायतों की निरन्तर मानीटरिंग हो रही है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रतिदिन कार्यालय में एक घण्टा बैठकर जनशिकायतों को अवश्य सुने ताकि शासन की मंशानुरुप शिकायतों का समय से निदान हो। यदि कहीं भ्रमण पर जाना है तो मूवमेंट रजिस्टर में एंट्री करके ही भ्रमण पर जाये। उन्होंने कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं को ठीक प्रकार से क्रियान्वय करें, पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ अवश्य मिलें। उन्होंने कहा कि हम और बेहतर करने की दिशा में सब मिलकर प्रयास करें, ताकि जनपद का बेहतर फीडबैक बना रहें। जिलाधिकारी द्वारा तहसील ठाकुरद्वारा में पोषण पखबाडे के अर्न्तगत गर्भवती महिलाओं को मोटे अनाज की किट का भी वितरण किया गया तथा बच्चों को अन्नप्राशन्न भी कराया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदकों द्वारा जो प्रार्थना पत्र प्रेषित किए जायें उनमें आवेदक का अथवा उसके किसी परिचित का मोबाइल नम्बर अनिवार्य रुप से दर्ज किया जाये। प्रार्थना पत्र दर्ज होने के पश्चात् सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदन कर्ता द्वारा प्रस्तुत किया जाये। आवेदन कर्ता की सुनवाई कर उसका तत्काल निस्तारण के यथा संभव प्रयास करना सुनिश्चित करें। समस्त अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने से संबंधित प्रार्थना पत्रों को उसी दिन प्राप्त करने के बाद ही तहसील कार्यालय छोडे। इसके साथ ही आवेदन पत्रों की प्राप्ति की पूरी व्यवस्था संबंधित तहसीलदार की देखरेख में की जाएगी तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के बाद उसी दिन सभी प्रार्थना पत्रों का कम्प्यूटर पर अंकन कराना भी संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र का कम्प्यूटरीकरण (स्कैनिंग, अपलोडिंग एवं विवरण फीडिंग) समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) से संबंधित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पोर्टल पर किया जायेगा। शिकायती प्रार्थना पत्र पर अपेक्षित निस्तारण कार्यवाही व प्रगति की स्थिति भी संबंधित अधिकारी द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर समय-समय पर अपलोड की जाएगी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण एवं अनुश्रवण के संबंध में निर्देशित किया है कि निजी भूमियों का सीमाकंन/पैमाइश, निजी भूमियों का अविवादित नामान्तरण, खतौनी में नाम व अन्य अशुद्धियों का शोधन, फर्जी बैनामें के आधार पर नामान्तरण/कब्जा, संबंधित शिकायतों को तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित लेखपाल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण किया जाये। राजकीय एवं सार्वजनिक उपयुक्त भूमियों यथा चकरोड, रास्ता, तालाब, खलिहान, नाली, चारागाह आदि पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे, निजी भूमियों पर अन्य भूमिधरों/सहखाते द्वारा अवैध कब्जा, पट्टे की भूमि पर कब्जा, आबादी भूमि में पानी का निकास व आवागमन अवयुक्त करने संबंधी शिकायतों का तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित थाने के हेडकांस्टेबल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। सामाजिक न्याय, विकास एवं अन्य विभाग से संबंधित शिकायतों को खण्ड विकास अधिकारी व संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वयं अथवा यथावाश्यक टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गम्भीर एवं अतिसंवेदनशील मामलों का निस्तारण संबंधित उपजिलाधिकारी अथवा तहसीलदार द्वारा स्वयं यथावश्यक टैऊक्टर व जे0सी0बी0 मशीन का प्रयोग कर किया जाये और इन उपकरणों एवं मशीन के प्रयोग पर होने वाले व्यय सुसंगत नियमों के अर्न्तगत अथवा अवैध कब्जेदार से वसूला जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों में से कम से कम 5 महत्वपूर्ण तथा संवेदनशील शिकायतों को चिन्हित कर उनके निस्तारण हेतु मौके पर भेजकर उसी दिन निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये। आज तहसील ठाकुरद्वारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में मुख्य रुप से आपसी भूमि विवाद की कृषि संबंधी शिकायतें अधिक संख्या में प्राप्त होने के साथ विद्युत, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजने के निर्देश देते हुए शिकायतें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी के निर्देशानुसार शिकायतें संबंधित विभागीय अधिकारियों को निश्चित समय सीमार्न्तगत निस्तारण करने के निर्देश के साथ सन्दर्भित की गयी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा अजय कुमार गौतम, तहसीलदार ठाकुरद्वारा रामवीर सिंह, नायब तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

सात घंटे तक गुल रही कई मोहल्लों की बिजली, लोग परेशान

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- शहर के चार मोहल्लों में शनिवार को दिन में सात घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। आपूर्ति अलग-अलग चरणों में काटी गई। जिससे लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। यह समस्या मुरादाबाद से टांडा को जा रही हाईटेंशन लाइन में क्षतिग्रस्त कंडक्टरों को बदलने की वजह से हुई। मुरादाबाद से टांडा को 132 केवी की हाईटेंशन लाइन जाती है। इस लाइन में जगह-जगह लगे कंडक्टर क्षतिग्रस्त हो गए थे। इसी को लेकर विद्युत पारेषण की ओर से कंडक्टर बदलने के लिए शनिवार को कार्य शुरू किया गया। पंडित नगला बाईपास पर अलग-अलग लोकेशन में तीन कंडक्टर बदले गए।इसके अलावा 16, 17 नंबर पर भी कंडक्टर बदले गए। इसके लिए दोपहर एक बजे से शट डाउन लिया गया था। इस दौरान रामपुर रोड, पचखेड़ा, देहरी, इंडस्ट्रीयल फीडरों की बिजली काटी गई। यह फीडर 33 केवी बिजली घर पीतलबस्ती से जुड़े हैं। देर शाम कार्य पूरा होने के बाद आपूर्ति शुरू हो सकी थी। हालांकि, लोगों को दिक्कत न हो, इसके लिए जिस फीडर का कार्य पूरा हो रहा था, वहां की सप्लाई बहाल कर दी जा रही थी।

कंडक्टर बदलने के दौरान बुलानी पड़ी पुलिस, रुका ट्रैफिक

विद्युत पारेषण की ओर से 16, 17 नंबर पर कंडक्टर बदलने के दौरान ट्रैफिक रोकने के लिए पुलिस की मदद लेनी पड़ी। इसके लिए विभाग ने पहले से ही यातायात पुलिस को सूचना देकर अनुमति मांगी थी। इस दौरान ट्रैफिक इंस्पेक्टर से लेकर पुलिस के कई जवानों ने मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्था को बनाए रखा।मुरादाबाद से टांडा को जाने वाली हाईटेंशन लाइन में कंडक्टर बदलने के लिए शट डाउन लेना पड़ा। 1 बजे से शाम सात बजे तक अलग-अलग चरणों में शट डाउन लिया गया। 16, 17 नंबर पर कंडक्टर बदलने के लिए ट्रैफिक पुलिस की अनुमति के साथ मदद भी लेनी पड़ी।- संजय कुमार, एसडीओ ट्रांसमिशन

ग्राम पंचायतों में खुली बैठकें न कराने पर होगी कार्रवाई

मुरादाबाद- नए वित्तीय वर्ष से हर माह ग्राम पंचायतों में खुली बैठकों के आयोजन को अनिवार्य कर दिया गया है। इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निदेशक पंचायती राज विभाग ने डीपीआरओ को हर माल बैठकों की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायतों में खुली बैठकें न होने से शासन स्तर तक विकास कार्यों में धांधली, ग्राम प्रधान और पंचायत सचिवों की मनमानी की शिकायतें पहुंची रही हैं। बड़ी संख्या में शिकायतें पहुंचने पर निदेशक पंचायती राज ने कड़ी नाराजगी जताई है। डीपीआरओ आलोक कुमार प्रियदर्शी ने बताया कि इसी माह से सभी ग्राम पंचायतों में खुली बैठकों का आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर समस्याओं के निस्तारण करने के लिए गांव में एडीओ पंचायत, ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव खुली बैठकें करेंगे। बैठक में ग्राम पंचायतों में विकास कार्य को लेकर बने विवाद मौके पर ही निपटाए जाएंगे। डीपीआरओ ने बताया कि जिले की सभी 643 ग्राम पंचायतों में गठित समितियों की हर माह बैठक करानी होगी। इसमें प्रतिभाग करने वाले ग्राम पंचायत सदस्यों को व्यवस्था के अनुसार अनुमन्य भत्ते का भुगतान किया जाएगा। बैठक में जिला व ब्लॉक स्तर के अधिकारी शामिल रहेंगे। गांव के प्रधान की मनमानी से ग्राम स्तर पैदा होने वाली समस्याओं का वहीं पर निस्तारण किया जाएगा। लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में समस्याओं और निस्तारण के संबंध में एडीओ पंचायत डीपीआरओ को समय से रिपोर्ट देंगे। ताकि जिला मुख्यालय से रिपोर्ट संकलित कर निदेशक को पंचायती राज को भेजी जा सके।

सपा ने फिर उठाई मुरादाबाद मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह को हटाने की मांग

मुरादाबाद- लखनऊ/ मुरादाबाद। समाजवादी पार्टी (सपा) ने रामपुर जिले के स्वार विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए 10 मई को होने वाले मतदान के मद्देनजर राज?य के मुख?य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराने के लिए आंजनेय कुमार सिंह को मुरादाबाद के मंडलायुक्त के पद से तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है। सपा ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम की ओर से लिखे गए पत्र को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा जिसमें कहा गया है कि 34-स्वार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, भयमुक्त सम्पन्न कराने के लिए मुरादाबाद मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह को उनके वर्तमान पद से तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। सपा मुख्यालय से शुक्रवार को जारी एक बयान के अनुसार सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर कहा है कि मुरादाबाद के वर्तमान मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह काफी लंबे समय तक रामपुर में जिलाधिकारी रह चुके हैं और पदोन्नत होकर मंडलायुक्त के पद पर भी काफी समय से तैनात हैं। इसी मंडल में जनपद रामपुर है। पत्र में उन्होंने यह भी कहा है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के समय आंजनेय कुमार सिंह पर भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने का आरोप लगा था, इसकी शिकायत 29 जनवरी 2022 को मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग से की गयी थी। उन्होंने पत्र में आरोप लगाया कि रामपुर विधानसभा के उपचुनाव में भी सिंह की शिकायत की गयी थी, लेकिन उन?हें हटाया नहीं गया। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद आंजनेय कुमार सिंह को मुरादाबाद के मंडलायुक्त पद से न हटाये जाने से भारत निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में अधिकारियों के विरुद्ध की गई शिकायतों को संज्ञान में लेकर उन्हें हटाया गया था, वर्तमान प्रकरण पर भी गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए हटाया जाये। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश की स्वार और छानबे विधानसभा सीट के उपचुनाव का कार्यक्रम बुधवार को घोषित कर दिया। इन सीट के लिए आगामी 10 मई को मतदान होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया था कि आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के मुताबिक स्वार और छानबे विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए अधिसूचना आगामी 13 अप्रैल को जारी होगी और 20 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। अगले दिन नामांकन पत्रों की जांच होगी और 24 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि दोनों सीट पर उपचुनाव के तहत मतदान 10 मई को होगा जबकि मतगणना 13 मई को की जाएगी। गौरतलब है कि रामपुर जिले की स्वार सीट समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम खान की विधानसभा सदस्यता समाप्त होने के कारण रिक्त हुई है। जनवरी 2008 में अवैध रूप से राजमार्ग जाम करके धरना प्रदर्शन करने के मामले में अदालत द्वारा दो साल की सजा सुनाये जाने के कारण अब्दुल्ला की सदस्यता समाप्त हुई थी।

एक करोड़ तक की सुपारी लेने वाले शार्प शूटर ने उधार में ली सीए की जान

मुरादाबाद-सीए हत्याकांड के पर्दाफाश की पुलिसिया कहानी की चौपाल पर चर्चाएं शुरू हैं। पुलिस का दावा है कि महानगर के एक बड़े कारोबारी की हत्या की सुपारी एक करोड़ रुपये में लेने वाले शातिर शार्प शूटर ने सीए को मौत के घाट उतारा है। अब सवाल यह है कि व्यावसायिक दृष्टि से अपराध को जीवन यापन कर जरिया बना चुके शातिर बदमाश ने बिना पेशगी के इतना बड़ा जोखिम क्यों मोल लिया? सीए व कुशांक गुप्ता हत्याकांड से जुड़े कई अन्य बड़े सवालों का जवाब पुलिस को देना ही होगा। हां सरेशाम व सरेराह हत्या की धमक प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक में महसूस की गई। शासन लगातार पुलिसिया जांच की निगरानी कर रहा था। महीनों हाथ लगने के बाद पुलिस ने सीए हत्याकांड का ऐसा पर्दाफाश किया, जिससे जुड़ी कई कड़ियां व सवाल अभी भी अनसुलझे हैं। पुलिस के मुताबिक 2019 में आहूजा ग्रुप के एमडी और पीएमएस (पंडित मदन स्वरूप) स्कूल के एजुकेशन ट्रस्ट के वित्तीय निदेशक मनोज आहूजा उर्फ मौजी की हत्या की साजिश रची गई थी। पीएमएस स्कूल की ट्रस्ट में पदाधिकारी बनने को लेकर पूर्व चेयरमैन ने एमडी की हत्या के लिए एक करोड़ की सुपारी तय की। साढ़े 11 लाख रुपये एडवांस के तौर पर शूटर को मिले थे। मामले का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने एक शूटर समेत वन विभाग के रिटायर्ड दारोगा और प्रॉपर्टी डीलर को गिरफ्तार किया था। शूटर के रूप में केशव शर्मा उर्फ राहुल निवासी गिंदौड़ा पाकबड़ा का नाम उजागर हुआ था। शुक्रवार को एसएसपी ने बताया कि सीए श्वेताभ तिवारी को मौत के घाट उतारने वाला भी केशव सरन शर्मा उर्फ राहुल है। ललित कौशिक के इशारे पर उसने सीए को गोली मारकर मौत के घाट उतारा। ऐसे में सवाल उठा कि आखिरकार सीए की हत्या के एवज में केशव सरन ने सुपारी के रूप में कितनी रकम प्राप्त की।

सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये की ठगी

मुरादाबाद- महिला की तहरीर पर कटघर पुलिस ने ठगी का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि सरकारी विभाग में पुत्र को नौकरी दिलाने के नाम पर आरोपियों ने उससे पांच लाख रुपये की ठगी कर ली। तहरीर के आधार पर नामजद मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने आरोपों की जांच शुरू कर दी है। कटघर थाना क्षेत्र में आंबेडकर नगर शिवपुरी की रहने वाली दीपिका ने बताया कि जितेंद्र उर्फ कावेंद्र व उसकी मां सरोतिया से उसकी पुरानी जान पहचान है। मां-बेटे मूलरूप से बिजनौर में शेरकोट थानाक्षेत्र के अगोता गांव के रहने वाले हैं। बातचीत में दोनों ने बताया कि सरकारी विभागों में उनकी अच्छी जान पहचान है। मां-बेटे ने महिला को झांसे में लेते हुए बताया कि वह उसके बेटे की सरकारी नौकरी लगवा देंगे। नौकरी लगवाने के नाम पर आरोपियों ने पहले तीन लाख रुपये पीड़िता से लिए। फिर जितेंद्र ने दो लाख रुपये ऑनलाइन अपनी पत्नी सुनीता देवी के खाते में जमा कराया। लंबे समय तक इंतजार के बाद भी नौकरी नहीं मिली। तब पीड़िता ने आरोपियों से रकम वापस मांगी। पीड़िता का आरोप है कि रुपये मांगने पर जितेंद्र के दोस्त रानू ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज की। जान से मारने की धमकी देते हुए पीड़िता को भगा दिया। तब पीड़िता ने कटघर थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक कटघर राजेश सिंह सोलंकी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपों की जांच शुरू कर दी गई है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

महावीर जयंती पर होंगे विशेष कार्यक्रम, रूपरेखा तैयार

प्रदीप कुमार गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली-जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2622वां जन्म कल्याणक महोत्सव 3 अप्रैल सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके आयोजन के लिए आवश्यक बैठक जैन मंदिर रामपुर बाग में आयोजित की गई। इस महोत्सव की मीडिया प्रभारी सौरभ जैन ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि दोनों मंदिरों में अभिषेक, शांतिधारा व नित्य नियम पूजन के उपरांत बिहारीपुर जैन मंदिर से प्रातः 9:00 बजे भगवान महावीर की अहिंसामयी संदेशों को जन-जन में प्रचारित-प्रसारित करने हेतु एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

बिहारीपुर जैन मंदिर के मंत्री प्रकाश चंद जैन ने बताया कि शोभा यात्रा बिहारीपुर जैन मंदिर से इस्लामिया मार्केट, अनाथालय रोड, चौपला रोड, पटेल चौक से जैन मंदिर रामपुर बाग पहुंचेगी जहां जिनेंद्र भगवान का पांडुशिला पर अभिषेक व पालने का कार्यक्रम होगा। रामपुर बाग जैन मंदिर के मंत्री के.के जैन ने बताया कि रामपुर बाग जैन मंदिर से पुनः शोभायात्रा नगर निगम मार्केट, पटेल चौक, सिविल लाइन से होते हुए वापस बिहारीपुर जैन मंदिर पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित हो जाएगी और आगामी धार्मिक कार्यक्रम वहां होंगे व समाज का सहभोज भी होगा। उपाध्यक्ष सत्येंद्र जैन एड. ने बताया कि शोभायात्रा विश्व प्रसिद्ध संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर के शिष्य मुनि श्री अरह सागर जी के सानिध्य में निकाली जाएगी। अंत में श्री महावीर निर्वाण समिति अध्यक्ष सुरेंद्र जैन जी ने बताया कि शोभायात्रा में श्री जी के रथ के साथ, घोड़े, झांकियां, बैंड बाजे, ढोल की स्वर लहरियों में भजन गाए जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि महिला और पुरुष धर्मावलंबी धर्म ध्वज लेकर चलेंगे। कोषाध्यक्ष सतीश चंद जैन ने बताया कि शोभायात्रा के माध्यम से अहिंसा परमो धर्म का संदेश दिया जाएगा। बैठक में, उपरोक्त के अलावा भूपेंद्र जैन, राजेश जैन, राजकुमार जैन, सुनील जैन, सुभाष जैन, संजय जैन, देवेंद्र जैन, सुदीप जैन पंडित जी, राजीव जयपति आदि ने विचार रखे। यह जानकारी महोत्सव मीडिया प्रभारी सौरभ जैन ने दी।

टेंट ठेकेदार का अपहरणकांड: हेलो, तुम्हारा भाई हमारे कब्जे में है, सलामती चाहते हो तो 10 लाख लेकर आ जाओ

एक कार्यक्रम से टेंट समेटकर वापस आगरा लौट रहे ठेकदार का रास्ते में कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया। इसके बाद उसके भाई को फोन करके 10 लाख की फिरौती मांगी। भाई की सूचना पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उत्तर प्रदेश के आगरा में बीती रात 10 बजे पुलिस ने टेंट ठेकेदार के अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी बरामद हुई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। आरोपियों ने एक कार्यक्रम के बाद टेंट लादकर वापस आने के दौरान घटना को अंजाम दिया था। फिरोजाबाद के टूण्डला थाना क्षेत्र के जटपुरा गांव निवासी सोनू आगरा के एक टेंट हाउस पर ठेके पर मजदूरी कराता है। शुक्रवार देर रात्रि वह राजस्थान के भरतपुर में एक कार्यक्रम में शामिल होने गया था।

यहां से वह कैंटर में टेंट का सामान लादकर वापस आगरा लौट रहा था। भरतपुर से कुछ किलोमीटर दूरी पर पीछे से आए बोलेरो सवार युवकों ने कहा कि कैंटर की रस्सी खुल गई है। इस पर चालक ने गाड़ी रोक दी। सोनू नीचे उतरा तो बोलेरो सवार युवकों ने उसे खींचकर गाड़ी में बैठा लिया।

हाइवे पर घेराबंदी कर दो को पकड़ा

इसके बाद वहां से फरार हो गए। कुछ देर बाद सोनू के फोन से उसके भाई लालता प्रसाद को फोन किया। कहा कि 10 लाख रुपये भरतपुर पहुंचा दे। इस पर लालता प्रसाद ने इसकी सूचना आगरा के फतेहपुर सीकरी थाना पुलिस को दी। सूचना पर फतेहपुर सीकरी थाना पुलिस ने हाइवे पर घेराबंदी कर दी। घेराबंदी होते देख आरोपियों ने सोनू को पीट-पीट घायल कर दिया। इसके बाद राजस्थान की सीमा में सड़क किनारे फेंककर भाग गए।

पुलिस आरोपियों से कर रही पूछताछ

इधर, अपहरण की सूचना पर पुलिस बॉर्डर पर घेराबंदी कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया। साथ ही बोलेरो गाड़ी कब्जे में ले ली। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष विपिन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना राजस्थान के भरतपुर जिला की है। पूछताछ की जा रही है।

क्रिकेटर सुरेश रैना के फूफा व बुआ की हत्या में शामिल रहा 50 हजार का इनामी राशिद मुठभेड़ में ढेर

मुजफ्फरनगर में एनकाउंटर में 50 हजार का इनामी बदमाश मारा गया। इनामी बदमाश क्रिकेटर सुरेश रैना के फूफा व बुआ की हत्या में शामिल रहा था।उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद में शनिवार को पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी बदमाश राशिद मारा गया।

क्रिकेटर सुरेश रैना के फूफा व बुआ की हत्या में शामिल रहा था राशिद

इनामी बदमाश राशिद क्रिकेटर सुरेश रैना के फूफा व बुआ की हत्या में शामिल रहा था। बताया गया कि सुरेश रैना के फूफा व बुआ की पठानकोट में हत्या की गई थी। राजस्थान का मूल निवासी बदमाश राशिद वर्तमान में मुरादाबाद में रह रहा था। राशिद उर्फ सिपाईया उर्फ चलता फिरता शाहपुर क्षेत्र के गांव गोयला के जंगल में मुठभेड़ में मारा गया। उसके पास एक बाइक, रिवॉल्वर, तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं।सीओ बुढ़ाना विनय गौतम ने बताया कि शाहपुर पुलिस और एसओजी टीम की गोयला के जंगल में बाइक सवार बदमाश के साथ मुठभेड़ हुई। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया, जबकि उसका साथी मौके से भाग गया। वहीं पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। घायल बदमाश की शिनाख्त क्रिकेटर सुरेश रैना के फूफा व बुआ की पठानकोट में हत्या में शामिल रहे 50 हजार के इनामी अपराधी राजस्थान के गांव चडावाव के मूल निवासी और वर्तमान में मुरादाबाद के गांव भोजपुर क्षेत्र में रहने वाले राशिद उर्फ सिपाईया उर्फ चलता फिरता के रूप में हुई।बताया गया कि मुठभेड़ में मारे गए बदमाश पर 50 हजार का इनाम हैं। वह शाहपुर में मुठभेड़ व ककरौली थाना क्षेत्र से लूट के मामले में फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा फरार अपराधी की तलाश की जा रही थी। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी बिथरीचैनपुर अवनीश प्रताप सिंह के नेतृत्व में रैली उच्च प्राथमिक विद्यालय से निकली

स्कूल चलो अभियान रैली से हुई शुरुआत

प्रदीप कुमार गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली- रैली का सी0 एम 0ओ 0डॉक्टर हर वीर सिंह,डॉ अमित गंगवार ने पी0 एच 0सी0 पर और प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार, उप निरीक्षक भूपेंद्र कुमार ने थाना पर गर्मजोशी से स्वागत किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार और ब्लाक प्रमुख पति हरेंद्र पटेल ने बच्चों को पुस्तके वितरित कीं। डॉक्टर हर वीर सिंह ने कहा कि हम सभी का प्रयास यही रहता है । सभी पढ़े और आगे बढ़े साथ ही सभी स्वस्थ रहे, साथ ही संचारी रोग के संबंध में बताया प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार ने बच्चों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और अनुशासन में रहने को कहा साथ ही कहा कि जो भी आपके छोटे भाई -बहन जो स्कूल आते नहीं हैं। उन सभी को स्कूल में प्रवेश दिलाएं रैली समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश प्रताप सिंह ने कहा कि

सरकार की मंशा यही है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी को अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए सभी लोग सहयोग करें।, जो भी जिसका दायित्व ड्यूटी और लक्ष्य है। उनके सापेक्ष कार्य कर अपने ब्लाक को निपुण ब्लॉक बनाएं पुस्तक वितरण के मौके पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी विनय कुमार ने कहा कि हमारे कुछ विद्यालय में बहुत ही अच्छा कार्य कर रहे हैं। और कुछ को अभी और प्रयास करना होगा तब ही हम सभी लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं इसीलिए हम सभी जिले को निपुण बनाने में लग जाएं, और बच्चों को शिक्षाप्रद प्रेरक कहानी सुनाई।इस मौके पर जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक के0 सी 0पटेल, और अध्यक्ष जूनियर ऋषि पाल सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत आभार प्रकट किया। संचालन ब्लॉक मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ राजीव लोचन शर्मा ने किया इस मौके पर देवेन्द्र गंगवार, जयदेव, कृष्ण अवतार सक्सेना,लक्ष्मी शुक्ला, सागर,भगवान दास गंगवार, धर्मवीर गंगवार, अंजू गंगवार, मोहम्मद शाहनूर, शिखा अग्रवाल, रश्मि उपाध्याय, शहला परवीन, जितेन्द्र गंगवार, नरेश चंद्र, मिथिलेश यादव, प्रभात कुमार, रश्मि, सोनी, दिव्या, प्रियदर्शनी, पंकज, सुखेंद्र, कन्हई लाल, अफरोज, विकास, परितोष, सुहेल, सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षाविदों ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली

प्रदीप कुमार गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली- विधायक डा. एम. पी.आर्य, ब्लाक प्रमुख श रश्मि गंगवार , सांसद प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार, बाल श्रमबोर्ड भारत सरकार के सदस्य भुजेंद्र गंगवार बीडीओ भदपुरा ग्राम प्रधान, सदस्य क्षेत्र पंचायत की मौजूदगी में खंड शिक्षा अधिकारी त्रिलोकी नाथ के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान 2023 -24 का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विभागीय योजनाओं तथा छात्र- छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं को जान समूह के साथ साझा किया

गया। जन समुदाय से विकास खंड के सभी 6 से 14 वर्ष के बच्चों का शत -प्रतिशत नामांकन परिषदीय विद्यालयों में करने तथा उन्हें नियमित विद्यालय भेजने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि तथा सम्मानित मंच ने बच्चों को नवीन सत्र की पुस्तकों का वितरण किया। मुख्य अतिथि नवाबगंज विधायक डा. एम.पी. आर्य ने जन समुदाय से अधिक से अधिक नामांकन विद्यालयों में करने का अनुरोध करते हुए बुनियादी शिक्षा ही प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। शिक्षा से ही देश के लिए योग्य श्रेष्ठ नागरिकों का सृजन होता है । ब्लाक प्रमुख रश्मि गंगवार ने उपस्थित जन समूह से शत-प्रतिशत नामांकन करने का अनुरोध किया । सांसद प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी श्री त्रिलोकी नाथ को ब्लाक रत्न पुरस्कार की घोषणा की तथा विधायक श्री आर्य तथा श्रीमती गंगवार द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह तथा शाल भेंट कर सम्मानित किया । कार्यक्रम में विशाल जन समुदाय की प्रतिभागिता के साथ ही एआरपी संजीव सिंह,धर्मेंद्र वर्मा, अरशद फारूक, नरेन्द्र प्रताप गंगवार, विपिन कुमार,ओम बाबू,अनिकेत महेंद्रपाल मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बनी रंगोली। क्षेत्र पंचायत, स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम की रंगोली रही जिसे डा.अल्पना गुप्ता,नीरा सिंह,नेहा गर्ग था धीरेंद्र सिंह की टीम द्वारा बनाया गया।

संक्षिप्त समाचार

पति का दर्द: प्रार्थना पत्र देकर लगाई गुहार, साहब! पत्नी कराती है सफाई, मना करने पर करती है पिटाई

